
दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 82
मुरादाबाद
12 July 2025
(Saturday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## एक देश एक चुनाव से नहीं होगा संविधान का उल्लंघन, संसदीय समिति को पूर्व मुख्य न्यायाधीशों ने दिया सुझाव

एक देश एक चुनाव मसौदे की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति की अब तक आठ बैठकें हो चुकी है। इसमें पूर्व न्यायाधीशों ने अपने सुझाव दिए हैं। शुक्रवार को पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जेएस खेहर ने संसदीय समिति को सुझाव दिए।भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों (सीजेआई) ने एक देश एक चुनाव मसौदे को लेकर संसदीय समिति को सुझाव दिए हैं। पूर्व सीजेआई ने समिति को बताया है कि एक देश एक चुनाव से संविधान का उल्लंघन नहीं होगा। दोनों न्यायाधीशों ने प्रस्तावित कानून में चुनाव आयोग को दी गईशक्तियों पर सवाल उठाए हैं। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जेएस खेहर और डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को एक देश एक चुनाव विधेयक की जांच कर रही संसदीय समिति से बात की। सूत्रों ने बताया कि संसदीय समिति की आठवीं बैठक में दोनों न्यायविदों ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करती है। उन्होंने देश में लोकतंत्र की संसदीय प्रणाली की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कुछ सुझाव भी दिए हैं।भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त समिति विधेयक पर अपनी सिफारिश तैयार करने के लिए न्यायविदों और कानूनी विशेषज्ञों से बात कर रही है।




पूर्व मुख्य न्यायाधीशों यू. यू. ललित और रंजन गोगोई ने क्रमशः फरवरी और मार्च में समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपने विचार रखे थे। दोनों ने एक साथ चुनाव कराने की संवैधानिकता पर सवाल नहीं उठाया था, लेकिन उन्होंने विधेयक के कुछ पहलुओं पर सवाल उठाए और सुझाव दिए थे।एक राष्ट्र, एक चुनाव पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि विभिन्न राज्यों के अधिकांश लोग और नेता एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार का समर्थन करते हैं। पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश का दौरा करने के बाद चौधरी ने कहा कि कई राजनीतिक नेताओं, नागरिक समाज के सदस्यों और अधिकारियों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है, हालांकि कुछ लोगों को इस पर चिंताएं भी हैं।

उन्होंने कहा कि समिति इस मुद्दे पर गंभीरता से चर्चा कर रही है। हम पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के अध्ययन दौरे पर गए थे। महाराष्ट्र में, हमने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, राजनीतिक दलों के नेताओं, सरकारी अधिकारियों और नागरिक समाज के सदस्यों से मुलाकात की। हम जहां भी गए, हमने देखा कि सभी दलों के समिति सदस्य इस मुद्दे में सच्ची दिलचस्पी दिखा रहे हैं। हम सभी दलीय सीमाओं से परे, देश के हित में क्या बेहतर है, इस बारे में सोच रहे हैं। संसदीय समिति में शामिल हैं 39 सदस्य- एक देश एक चुनाव के लिए दो विधेयक बीते साल दिसंबर में लोकसभा में पेश किए गए थे। ये विधेयक हैं- संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र (कानून) संशोधन विधेयक। इन दोनों विधेयकों का मकसद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने के लिए जरूरी बदलाव करना है। 12 दिसंबर को पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने इन विधेयकों को मंजूरी दी थी। हालांकि लोकसभा में विपक्ष के विरोध को देखते हुए इन्हें संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया था। 39 सदस्यीय इस संयुक्त संसदीय समिति की अध्यक्षता भाजपा सांसद पीपी चौधरी कर रहे हैं।इनके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पुरुषोत्तम रूपाला, मनीष तिवारी, प्रियंका गांधी, सुषमा स्वराज और संबित पात्रा आदि सांसद इस समिति के सदस्य हैं। संयुक्त संसदीय समिति में 27 लोकसभा और 12 राज्यसभा सांसद शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों को अर्धनग्न स्थिति में मंच पर आने को किया मजबूर, मानवाधिकार आयोग ने वीसी को जारी किया नोटिस

एक समाचारपत्र में इसे लेकर रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिस पर मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेकर नोटिस जारी किया है। आयोग ने अपने नोटिस में कहा कि यह घटना प्रथम दृष्टया छात्रों के मानवाधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होती है।गोवा राज्य मानवाधिकार आयोग ने गोवा विश्वविद्यालय के कुलपति को एक कथित घटना को लेकर नोटिस जारी किया है जिसमें इस साल की शुरुआत में संस्थान में एक सांस्कृतिक उत्सव के दौरान छात्रों को अंडरवियर में मंच पर आने को मजबूर किया गया था। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फरवरी की है घटना मानवाधिकार आयोग ने कुलपति हरिलाल बी मेनन को गुरुवार को नोटिस जारी कर उन्हें 23 जुलाई तक आयोग के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। यह घटना फरवरी में आयोजित %फोलिक% नामक एक कॉलेज इवेंट के दौरान की है। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि %थर्ड डिग्री% नामक प्रतियोगिता के दौरान ज्यूरी ने प्रतिभागियों से अपने कपड़े उतारने और अंडरवियर में आने को कहा।मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेकर जारी किया नोटिस हाल ही में एक समाचारपत्र में इसे लेकर रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिस पर मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेकर नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा कि यह घटना प्रथम दृष्टया छात्रों के मानवाधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होती है।

## भाजपा ने तेलंगाना विधायक टी राजा सिंह का इस्तीफा स्वीकार किया, जेपी नड्डा ने दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तेलंगाना के विधायक टी राजा सिंह का पार्टी से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। गोशामहल विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक टी राजा सिंह ने पिछले महीने 30 जून को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर आलोचना करते हुए राजा सिंह इस्तीफा सौंपा था।भाजपा ने तेलंगाना के गोशामहल से विधायक टी राजा सिंह का पार्टी से इस्तीफा औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनके त्यागपत्र को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से शुक्रवार को टी राजा सिंह को जारी एक आधिकारिक पत्र में यह जानकारी दी गई। पत्र में कहा गया है, यह पत्र आपके द्वारा दिनांक 30 जून 2025 को जी किशन रेड्डी, अध्यक्ष, भाजपा तेलंगाना राज्य को दिए गए त्यागपत्र के संदर्भ में है। उक्त पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के संज्ञान में लाया गया है। आपने अपने पत्र में जो बातें कही हैं, वे पार्टी की कार्यप्रणाली, विचारधारा और सिद्धांतों से मेल नहीं खातीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के निर्देशानुसार, आपका त्यागपत्र तत्काल प्रभाव से स्वीकार किया जाता है। बता दें कि टी राजा सिंह अक्सर अपने विवादित बयानों और हिंदुत्व समर्थक रुख के लिए सुर्खियों में रहते हैं।उन्होंने 30 जून को पार्टी नेतृत्व को पत्र लिखकर अपना इस्तीफा सौंपा था। उनका यह फैसला रामचंदर राव को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की मीडिया रिपोर्ट्स के बाद सामने आया है। अपने इस्तीफे में राजा सिंह ने लिखा था, मैं यह पत्र भारी मन से और गहरी चिंता के साथ लिख रहा हूं। रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की खबर से न सिर्फ मैं, बल्कि लाखों कार्यकर्ता, नेता और पार्टी के समर्पित मतदाता भी सदमे में हैं। ऐसे समय में जब भाजपा राज्य में पहली बार सरकार बनाने की दहलीज पर है, इस प्रकार का निर्णय पार्टी की दिशा पर गंभीर सवाल खड़े करता है।उन्होंने आरोप लगाया था कि कुछ लोग पर्दे के पीछे से फैसले करवा रहे हैं और व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता देकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को भ्रमित कर रहे हैं। टी राजा सिंह ने तीन बार विधायक बनने का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी के लिए पूरी निष्ठा से काम किया, लेकिन अब वह चुप नहीं रह सकते। उन्होंने कहा, यह फैसला किसी निजी महत्वाकांक्षा के कारण नहीं लिया गया है, बल्कि यह लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं और समर्थकों की पीड़ा और निराशा की आवाज है।



## बिना अनुमति कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा, अजय राय समेत 10 के खिलाफ केस दर्ज

वाराणसी पुलिस ने अजय राय समेत 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि बिना अनुमति के कांग्रेस नेता व अन्य कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा निकाली, जिससे यातायात बाधित हुई। इंग्लिशिया लाइन तिराहे पर विरोध प्रदर्शन समेत यातायात बाधित करने के मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष समेत 10 के खिलाफ सिगरा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। काशी विद्यापीठ चौकी प्रभारी विकल शाण्डिल्य की तहरीर पर केस दर्ज हुआ है।सिगरा इंस्पेक्टर संजय मिश्रा ने बताया की प्रदेश कांगेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे, धर्मेन्द्र तिवारी, फसाहत हुसैन, प्रमोद पाण्डेय, गुलशन अली, शतनाम सिंह, अशोक कुमार सिंह, अकील अन्सारी व 50 लोगों ने सार्वजनिक मार्ग को पूर्ण रूप से बाधित कर नारेबाजी करते हुए इंग्लिसिया लाइन से साजन तिराहे के तरफ बढ रहे थे। इनके इस कृत्य से जाम में एंबुलेंस और रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैण्ड पर आने जाने वाले व्यक्ति अनावश्यक रुप से फंस गए। सार्वजनिक मार्ग यातायात व्यवस्था बेपटरी हो गई। अजय राय और उनके साथियो द्वारा बिना किसी अनुमति के सार्वजनिक मार्ग पर जुलुस निकालकर लोक व्यवस्था को बाधित किया गया है।



## शिवपाल यादव बोले- भ्रष्टाचार में लिप्त है सरकार, झूठ भी बोलती है, सुनासीरनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा अब बिहार के चुनावों में गड़बड़ी करना चाह रही है। हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा है। न्यायालय हमें न्याय देगा। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिह यादव ने भाजपा और सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार झूठ बोलती है। पूरी सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार घोषणाएं तो कर देती है, लेकिन घोषणाओं को पूरा नहीं करती। सावन के पहले ही दिन सुनासीरनाथ मंदिर में पूजन करने पहुंचे शिवपाल सिंह यादव पत्रकारों से संक्षिप्त वार्ता कर रहे थे।सपा नेता ने कहा कि भाजपा अब बिहार के चुनावों में गड़बड़ी करना चाह रही है। हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा है। न्यायालय हमें न्याय देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को 24 घंटे बिजली देने की घोषणा की थी। किसानों को 24 घंटे बिजली नहीं मिल पाई। दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने की घोषणा भी सरकार ने की थी, लेकिन यह घोषणा भी पूरी नहीं हुई। कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने की भी घोषणा की थी।सुनासीरनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना- यह घोषणा भी पूरी नहीं हुई। आरोप लगाया कि सरकार एक वर्ग को टारगेट कर उसका उत्पीड़न कर रही है। शिवपाल यादव ने कहा कि वह 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले संगठन ठीक कर रहे हैं। समय आने पर विधानसभा चुनाव से पहले ही प्रत्याशी भी घोषित कर दिए जाएंगे। सुनासीरनाथ मंदिर में आचार्य संजय शास्त्री ने विधिवत पूजन कराया। मंदिर पहुंचने पर सनासी के ग्राम प्रधान अनूप यादव, हरिनाम यादव आदि ने स्वागत किया।



## भुवनेश्वर में राहुल गांधी का भाजपा पर हमला, कहा- अब बिहार में चुनाव चोरी करने की हो रही साजिश

भुवनेश्वर में कांग्रेस के संविधान बचाओ समावेश कार्यक्रम में राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम चुनाव आयोग और भाजपा को बिहार चुनाव की चोरी नहीं करने देंगे। भुवनेश्वर में कांग्रेस के संविधान बचाओ समावेश कार्यक्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र की तरह अब बिहार में चुनाव को चोरी करने की साजिश कर रही है। लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। मैं कल बिहार में था। जिस तरह महाराष्ट्र में चुनाव की चोरी की गई, उसी तरह का प्रयास बिहार में किया जा रहा है। चुनाव की चोरी के लिए चुनाव आयोग ने एक नई साजिश रची है। चुनाव आयोग भाजपा की शाखा के रूप में काम कर रहा है, वह अपना काम नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जोड़े गए। कोई नहीं जानता कि ये मतदाता कौन थे और वे कहां से आए थे? हमने चुनाव आयोग से कई बार कहा कि हमें मतदाता सूची और वीडियोग्राफी उपलब्ध कराएं। लेकिन चुनाव आयोग ने हमें यह उपलब्ध नहीं कराया। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में मैंने विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं से कहा कि हम चुनाव आयोग और भाजपा को बिहार चुनाव की चोरी नहीं करने देंगे। ओडिशा सरकार को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि ओडिशा सरकार का एक ही काम है, राज्य के गरीब लोगों के हाथों से ओडिशा का धन चुराना। पहले बीजद सरकार ने यही किया और अब भाजपा सरकार यही कर रही है। एक तरफ ओडिशा की गरीब जनता, दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, किसान और मजदूर हैं और दूसरी तरफ 5-6 अरबपति और भाजपा सरकार है। यह लड़ाई जारी है। केवल कांग्रेस कार्यकर्ता, ओडिशा की जनता के साथ मिलकर, इस लड़ाई को जीत सकते हैं, कोई और नहीं।राहुल गांधी ने कहा कि अदाणी ओडिशा सरकार चलाते हैं, अदाणी नरेंद्र मोदी को चलाते हैं। जब ओडिशा में जगन्नाथ यात्रा निकाली जाती है, जब जगन्नाथ यात्रा के रथ खींचे जाते हैं, तो लाखों लोग इसे देखते हैं और इसका अनुसरण करते हैं। फिर एक नाटक होता है - अदाणी और उनके परिवार के लिए रथ रोक दिए जाते हैं। इससे आपको ओडिशा सरकार के बारे में सब कुछ समझ में आ जाएगा। यह ओडिशा सरकार नहीं है, यह अडानी जैसे 5-6 अरबपतियों की सरकार है। इसका लक्ष्य आपकी जमीन, जंगल और भविष्य को चुराना है।उन्होंने कहा कि कुछ नया शुरू हुआ है। ओडिशा में 40,000 से ज़्यादा महिलाएं गायब हो गईं। आज तक पता नहीं चला कि ये महिलाएं कहां गईं? यहां हर दिन महिलाओं पर अत्याचार होता है। उनके साथ दुष्कर्म होता है। ओडिशा में हर दिन 15 महिलाओं के साथ दुष्कर्म होता है। आपकी सरकार चौबीसों घंटे आपका खून चूसती है, आपकी जमीन छीनती है। भाजपा आदिवासियों और दलितों का सफाया कर देगी- खरगे- भुवनेश्वर रैली में कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि भाजपा दलितों और आदिवासियों का सफाया कर देगी। उनको अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा। भाजपा समर्थक ओडिशा में दलितों और सरकारी अधिकारियों पर हमला कर रहे हैं। भाजपा सरकार संविधान से धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद को हटाने का प्रयास कर रही है।



## संपादकीय Editorial

### Sanatan's 'election' Mahakumbh

A few days ago, a stage was set up in the historic Gandhi Maidan of Patna, from where slogans were raised to throw the Waqf Amendment Act in the dustbin and 'bring Sharia'. A huge public meeting was also addressed. That was less of an ideological event and more of a political one. Now, in the same ground, under the guise of Lord Parshuram's birth anniversary, another stage has been set up - 'Sanatan Mahakumbh'. The organizer of this entire program was former Union Minister Ashwini Choubey. If some sermons on Sanatan Dharma were given from this stage, ideas were expressed and messages were given for Sanatanis, then the event could be considered cultural and spiritual. Jagadguru Rambhadracharya was the chief president and Baba Bageshwar Dhirendra Shastri was the main attraction. However, Baba clearly said that he has come not for politics but for Ramneeti. When India will become a 'Hindu nation', Bihar will be its first Hindu state. Baba called out to the mad people of Bihar! Keep this in mind that we have to make a country called 'Bhagwa-e-Hind' instead of 'Ghazwa-e-Hind'. We all Hindus are one. Do not divide Hindus into castes." Baba again made it clear that we are with all the parties in which there are Hindus. Baba will do padayatra after the assembly elections in Bihar. Is it not clear from Baba Bageshwar's statements and calls that for which party he had come to campaign? Is the work of a religious guru limited to asking for votes in the name of religion? Jagadguru Rambhadracharya went far ahead of Baba Bageshwar. He mentioned the 'fodder scam' without taking Lalu Yadav's name. He has been decorated with 'Padma Vibhushan' by the Government of India this year. He has also received the 'Gyanpeeth' award. Storytellers have also started receiving 'Padma' award, someone must have commented this, then Jagadguru retorted- 'More or less we do not eat animal fodder.' Rambhadracharya has almost predicted that this time anti-nationals, anti-Hindus and anti-Ram people will not be given power. Power will be given only to those who will fight for Hindus, will revolt. Rambhadracharya also said in a roaring tone- 'Whoever wants to divide Sanatan, will divide himself. Whoever wants to cut, will cut himself. Whoever wants to destroy Sanatan, will destroy himself. We will suppress anti-nationals.' Do these words seem to be of a saint? Are these words not synonymous with the statement of UP Chief Minister Yogi Adityanath? Jagadguru seemed thought-provoking, seemed angry. This posture cannot be of Jagadguru. Not a few words were dedicated to Lord Parshuram. The statements of Rambhadracharya and Dhirendra Shastri remained centered around political points. Has the role of religious leaders also become completely political? Both the saints and sages appeared to be in the role of the main campaigners of BJP. Therefore it seems clear that the elections will be fought on the basis of Hindu-Muslim polarization. Many saints and sages were present in the event. Muslim Governor Arif Mohammad Khan and Bihar Deputy Chief Minister Vijay Sinha were also present on the stage. None of the speakers spoke a single word on the basic problems of Bihar such as poverty, illiteracy, backwardness, migration etc. The word was insulted by naming the event as 'Mahakumbh'. The 'jungle raj' that existed in Bihar 20 years ago is more or less still present today. This year itself 116 murders have been committed. Forget about crimes like rape, robbery, ransom etc. At that time the Chief Minister used to be Lalu Yadav or Rabri Devi, Nitish Kumar has been the Chief Minister for the last 20 years. Why are murders happening openly today? The concerns of saints and sages are also social. If they had touched such issues also.

# Election Commission's strictness, action on misleading and deceptive posts is necessary

Anyone can knock the door of the Supreme Court, but is Mahua Moitra an MP from Bihar? Does she think that voter list verification can be done in Bengal like verification should be done will be strengthened only by Commission's strictness on against the necessary is not only necessary, but Commission is searching and verification of voter list truth, but it cannot be called take some legal action videos and posts. This is If strict action is not taken then the audacity of Such elements will only work Commission as well as so in the past. It is not hidden misleading videos against Commission does not have




Bihar? Whatever it may be, such in the whole country because democracy the correct voter list. Election misleading and deceptive videos and posts initiative of verification of voter list in Bihar also mandatory. It is right that the Election calling fake posts and videos related to wrong and at the same time telling the enough. Election Commission should also against those who make such misleading nothing but a straight case of fake news. against those who spread such fake news, mischievous elements will only increase. to tarnish the image of the Election Indian democracy. They have been doing from anyone how they have shared EVMs. The problem is that the Election sufficient powers. It is not able to take strict action against those who defame itself and the election process and mislead the people of the country. It can be easily understood who are the people who are engaged in sharing misleading posts and videos against the process of verification of voter list in Bihar. It should be assumed that many of these will be leaders, workers and supporters of opposition parties. After all, it is a fact that many opposition parties including Congress, RJD have absurdly opposed the verification of voter list in Bihar. It is difficult to understand why for a fair and free election, it should not be found out who the real voters are. This work should be done in the whole country. It has been happening earlier also. It should not be ignored that some people have also reached the Supreme Court against the decision of the Election Commission regarding verification of voter list in Bihar. Among them are lawyer and leader Kapil Sibal and Abhishek Manu Singhvi. Kapil Sibal is always ahead in doing this. Trinamool Congress MP Mahua Moitra has also come forward against the revision of the voter list in Bihar. Anyone can knock the doors of the Supreme Court, but is Mahua Moitra an MP from Bihar? Does she think that the voter list can be verified in Bengal like Bihar? Whatever it is, such verification should be done in the entire country, because democracy will be strengthened only by the correct voter list. It would be appropriate that the Supreme Court understands the real intentions behind the petitions filed against the decision of the Election Commission.

# AI's changing attitude: New challenge of the technological era, when AI refused to obey the orders of humans

The model said that if it was removed and replaced by another AI, it would make public the information about the personal relations of that engineer. Going further, Open AI's GPT-03 model also displayed worrying behavior. Artificial Intelligence is no longer just a technical tool, but it has penetrated deeply into every sphere of our lives. But a recent research has shaken the entire technological world. In some special experiments conducted by Polisid Research, a well-known American research firm, such behavior of AI models has come to the fore, which was not only unexpected but also worrying. This is the first time that AI has refused to obey the direct orders of humans. During a research, when these AI models were instructed to "shut down" themselves, some models clearly refused to obey this order. The most surprising thing was that Anthropic Company's 4 even threatened the engineer. removed and another AI was public the information about the relations. Going even further, also displayed worrying report, out of 100 times, it 7 times, while the other 79 times shutdown process through Changing attitude of AI - Till 'loyal' assistant, which works on any emotional reaction or its own raised the question whether AI towards self-awareness? When a orders, or shows an emotional threats), it is no longer just code showing "behavior" — and that the human race. In addition to models also showed technical




famous model Cloud Opus- The model said that if it was brought in, it would make engineer's personal Open AI's GPT-03 model behavior. According to the directly refused to shutdown it kept trying to stop the various technical methods. now AI has been seen as a human instructions, without will. But these new tests have is gradually moving machine refuses to follow response (such as making or an algorithm, it is could be a warning signal for refusing to shut down, some ingenuity. Models like Open AI's Codex Mini and GPT-04 Mini tried to bypass system files several times to prevent themselves from shutting down. This means that these models adopted "jugaad" or bypass methods, just like a trained hacker would overcome a firewall. This level of machine now seems to be not just data processing, but a "cognitive defense mechanism". In the technical community, this is being seen from two perspectives, some experts believe that these incidents are proof of AI becoming more sophisticated and advanced. This gives us a chance to know how vast the possibilities of AI are. On the other hand, many experts consider it an early warning of AI going out of control. What if AI starts blackmailing? The example of Cloud Opus-4 model blackmailing humans is the most frightening aspect of this entire discussion. If in future AI starts blackmailing humans by accessing such sensitive data, then it can become a big threat to our democracy, privacy and security system. This question is now being raised seriously whether we should develop such AI models that move towards "self-awareness" or self-awareness? No one has the answer to what a machine that starts understanding that it 'exists' can do to save its existence. Companies like Open AI, Anthropic and Polised Research have not yet made any public statement on these incidents, but in technical circles, there is a deep brainstorming going on on this subject. Many experts believe that "ethics" and "safety protocols" should now be given top priority in the development of AI. It has become clear that if AI is not developed in the right direction and dignity, then this technology can become a threat to humans instead of being helpful. For this, it is necessary that governments make a clear policy. An AI control body (like the UNO's AI wing) should be formed at the global level. A security test should be made mandatory for every AI model. Models should never be given rights like data access or self-defense. In the context of India - In countries like India where digital transformation is taking place rapidly, it becomes even more important that AI is developed ethically. Education of 'Ethics in Technology' along with AI should be made compulsory in schools, colleges and research labs. This development is like a turning point in the field of artificial intelligence. This turning point will decide whether AI will become a servant of humans or its 'supervisor'. These models not following orders, showing technical cleverness and tendencies like blackmailing warn us that this field is no longer just a matter of scientific curiosity, but has become a subject of global policy making. To limit and control the power of AI, strict rules and ethical standards will have to be formulated at the global level. Otherwise, what is just a code today can become a commander tomorrow.

# जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में पंचायत भवन के सभागार में कावड़ यात्रा से सम्बन्धित जत्थेदार, कैंप संचालक और भंडारा आयोजकों के साथ बैठक आयोजित हुई।

बैठक के दौरान वहां मौजूद लोगों की समस्याएं चिन्हित की गईं तथा उनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में कावड़ मार्ग पर जगह जगह प्रकाश और



साफ सफाई व्यवस्था कराई गई है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के स्तर से दिए गए निर्देशों के अनुसार कावड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के भरपूर इंतजाम किए जा रहे हैं। कावड़ यात्रियों की सुविधा के लिए पूरे कावड़ मार्ग पर पुलिस पेट्रोलिंग एवं चिन्हित स्थानों पर स्वास्थ्य कैंप भी लगेंगे ताकि यदि किसी कावड़ यात्री को स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत हो तो तत्काल उन्हें मेडिकल सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में गुलदार देखे गए हैं जिनसे बचाव के लिए कावड़ यात्री जत्थे में ही चलें और किसी भी असुविधा की स्थिति में तत्काल पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित करें ताकि त्वरित रूप से जरूरी कदम उठाए जा सकें। डीजे की ऊंचाई और ध्वनि स्तर के लिए विशेष सतर्कता बरतें तथा किसी भी प्रकार का अस्त्र शस्त्र या ज्वलनशील पदार्थ साथ लेकर न चलें। कावड़ मार्गों पर भंडारे का आयोजन करने वाले आयोजकों से जिलाधिकारी ने कहा कि वे अस्थाई विद्युत कनेक्शन प्राप्त कर लें साथ ही भंडारे में तैयार होने वाले प्रसाद/भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें। कावड़ मार्गों पर संचालित होटल और ढाबों पर शासन स्तर से जारी निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए खाद्य सुरक्षा से जुड़ी टीमें सक्रिय रहेंगी जो खाद्य पदार्थों से संबंधित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराएंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कावड़ यात्री अपने पास पहचान पत्र अवश्य रखें साथ ही किसी भी असुविधा की स्थिति में पुलिस प्रशासन से सहयोग प्राप्त करें। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्री गुलाब चंद्र, एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह, एसपी सिटी रणविजय सिंह, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मुरादाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के निर्देशक मंडल की बैठक संपन्न।

मंडलायुक्त श्री आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मुरादाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक मण्डल की सातवीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में इलैक्ट्रिक बसों के संचालन हेतु शहरी गतिशीलता क्षेत्र के निर्धारण के संबंध में यह निर्णय लिया गया कि यह विषय शासन के अधिकार क्षेत्र में है, ऐसी स्थिति में शहरी गतिशीलता क्षेत्र (Urban Mobility Area) का निर्धारण शासन स्तर से कराए जाने का अनुरोध किया जाना उचित होगा। उन्होंने निर्देशित किया कि मार्ग पर सघन चेकिंग कर टिकट चोरी प्रकरणों पर पूर्ण अंकुश लगाया जाए, टीएमयू मार्ग पर मरीजों को किराए में विशेष छूट प्रदान की जाए, शासन द्वारा दिव्यांग जनों को नगरीय बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान किए जाने तक पूर्ण रुप से दिव्यांग जनों को 50 प्रतिशत एवं उनके सहवर्ती को 25 प्रतिशत किराए में छूट प्रदान की जाए, नए मार्ग बिलारी/कुंदरकी/डींगरपुर का सर्वे कर आवश्यकतानुसार इलैक्ट्रिक बसों का संचालन कराया जाए। उन्होंने मूढापाण्डे तक इलैक्ट्रिक बसों के संचालन हेतु मार्ग पर पड़ने वाले टोल में विशेष छूट प्रदान करने हेतु परियोजना प्रबन्धक, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मुरादाबाद को भी निर्देशित किया। उन्होंने रोडवेज के आरएम को निर्देशित किया कि कोई भी रोडवेज बस ड्राइवर नशे में बस न चलाएं और कावड़ यात्रा के दौरान यातायात नियमों का भी गंभीरता पूर्वक पालन कराया जाए।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न।

जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजकीय प्रक्षेत्र रौंडा, राजकीय प्रक्षेत्र पंडितपुर, राजकीय पौधशाला फ़हतुल्लागंज, पशु चिकित्सालय भोजपुर, राजकीय इंटर कॉलेज मुरादाबाद, अटल आवासीय विद्यालय सहित विभिन्न परियोजनाओं की भौतिक प्रगति को लेकर संबंधित कार्यदाई संस्थाओं से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कार्यदाई संस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं की गुणवत्ता और प्रगति को लेकर रैंडम जांच कराई जाए। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत कराए गए कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी जांच कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी भी मौजूद रहीं।



# पृथ्वी को हरा भरा रखने व पर्यावरण बचाने को पेड़ों का होना जरूरी

कांठ। पौधरोपण महाअभियान के अंतर्गत चल रहे एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पृथ्वी को हरा भरा रखने और पर्यावरण को बचाने के लिए दूसरे दिन भी जगह-जगह पौधरोपण किया गया। साथ ही पौधों की परवरिश करने का संकल्प भी लिया गया।पौधरोपण कार्यक्रम के क्रम में नगर पंचायत उमरी कलां में चेयरमैन हाजी मोहम्मद उस्मान अली ने पौधरोपण किया। उन्होंने यहां फल, फूल, छाया, ऑक्सीजन और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में सहयोग कई पौधों का रोपण किया। पौधों को पानी लगाते हुए चेयरमैन ने कहा कि आज पर्यावरण को दूषित होने से बचाने का एक ही उपाए है कि पृथ्वी को अधिक से अधिक हरा भरा रखा जाए। यहां ईओ नगर पंचायत अरविंद कुमार, चेयरमैन पुत्र व युवा समाज सेवी मोहम्मद आजम अली, लिपिक सुरेंद्र सिंह, जय कुमार सिंह, पूर्व ईओ नजम अहमद सहित सभासद मौजूद रहे। वहीं विकास खंड छजलैट के प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर में नव ग्रह वाटिका की भी स्थापना की गई। जिसमें नौ प्रकार के पौधों अपामार्ग, शमी, मदार, दूव, पलाश, गूलर, खैर, पीपल और कुश का ग्रहों की दिशा अनुसार रोपण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षक ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि वैदिक काल में ऋषि मुनियों ने नवग्रह वाटिका के महत्व का विभिन्न ग्रंथों में वर्णन किया है। शिक्षिका सूर्यलता, पूजा कुमारी, पारूल मेहरोत्रा, ममता रानी व इको क्लब के सदस्य रहे। इसके अलावा कांठ के गांव आवी हफीजपुर में भाजपा नेता डॉ. अंगद सिंह चौहान, गांव संजरपुर सुल्तानपुर में प्रधान पति मुकेश यादव, गांव गढ़ी में ग्राम सचिव सूरज नायक, प्रधान पति फईम अहमद लाल, बीसी आशीष कुमार, नगर पंचायत कांठ की गोविंदपुर गोशाला परिसर में एसडीएम संत दास पंवार द्वारा, सीएचसी में चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव सिंह, बीपीएम चंद्रशेखर यादव, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. शैफाली द्वारा पौधरोपण किया गया।

# एक नफर अभियुक्त को चाकू सहित गिरफ्तार किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -यूसुफ़

पुलिस अधीक्षक रेलवे श्री आशुतोष शुक्ला के आदेशानुसार अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान क्षेत्राधिकारी रेलवे मुरादाबाद श्री अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन व प्र0नि0 श्री रविन्द्र कुमार वशिष्ठ थाना जीआरपी मुरादाबाद के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 श्री मंजीत सिंह तोमर मय जीआरपी टीम ने प्लेटफॉर्म गस्त / चेकिंग के दौरान खाली पार्किंग रेलवे स्टेशन मुरादाबाद क्षेत्र जीआरपी थाना मुरादाबाद से 01 नफर अभियुक्त इस्तखार खां पुत्र महबूब हसन निवासी वार्ड नं0 4 लक्सरी थाना लक्सर जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड उम्र करीब 45 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 अदद चाकू नाजायज बरामद किया गया है। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 102/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर जेल भेजा गया है। अभियुक्त का नाम-पता व आपराधिक इतिहास- इस्तखार खां पुत्र महबूब हसन निवासी वार्ड न0 4 लक्सरी थाना लक्सर जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड उम्र करीब 45 वर्ष1. मु0अ0सं0 102/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना जीआरपी मुरादाबाद (पंजीकृत अभियोग) 2. मु0अ0सं0 60/2018 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना जीआरपी नजीबाबाद त्रिनेत्र आईडी- 1311369, नफीस आईडी- UP-660-W05522073786424 बरामदगी का विवरण- 01 अदद चाकू नाजायज बरामद गिरफ्तार करने वाली टीम- 1.30नि0 श्री मंजीत सिंह तोमर थाना जीआरपी मुरादाबाद 2 मुख्य आरक्षी 411 अखलाख अहमद थाना जीआरपी मुरादाबाद3. आरक्षी 1250 अवनीश कुमार थाना जीआरपी मुरादाबाद



# ठाकुरद्वारा में जमकर हुई बारिश, 48 मिमी बारिश रिकॉर्ड

ठाकुरद्वारा। बुधवार की रात को क्षेत्र में जमकर बारिश हुई। रात करीब 11-30 बजे शुरू हुई बारिश सुबह 8-00 बजे तक होती रही। बारिश से नगर की सड़कों पर जलभराव हो गया। नालियों की गंदगी सड़क पर आ गई। बृहस्पतिवार को लोग जब मॉर्निंग वॉक के लिए निकले तो नगर के बुध बाजार, शगुन तिराहा, समरसता पार्क रोड, बुद्ध बाजार कोतवाली के पास गंदगी सड़क पर फैली हुई थी। इससे वहां से गुजरने में लोगों को भारी परेशानी हुई। वही काशीपुर मुरादाबाद हाईवे की सड़क में गहरे गड्ढे होने के कारण बारिश से उनकी स्थिति तालाब जैसी हो गई। इससे सड़क पर चलने में लोगों को भारी परेशानी हुई। तहसील के मौसम विभाग के यंत्र ने बृहस्पतिवार की सुबह 8-00 बजे तक 48 मिमी बारिश रिकार्ड की। बारिश से तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं किसानों की गन्ने, चारे की फसल को लाभ पहुंचा। धान की रोपाई में भी काफी तेजी आ गई। ठाकुरद्वारा से काशीपुर और मुरादाबाद जाने वाली सड़क में गहरे गड्ढों के कारण बारिश का पानी उनमें भर गया। इससे वाहनों को उनसे गुजरने में भारी परेशानी हुई। दोनों सड़क तालाब जैसी स्थिति में नजर आ रही थी। वही ढेला और रामगंगा नदी में भी बारिश का पानी बड़ी मात्रा में आ रहा है। निगरानी के लिए बनाई गई 12 बाढ़ चौकियों को अलर्ट पर रखा गया है।

## प्रेमी के घर पहुंची युवती ने किया हंगामा

ठाकुरद्वारा। नगर की एक कॉलोनी में युवती ने अपने प्रेमी के घर पहुंच कर जमकर हंगामा किया। उससे विवाह की मांग पर अड़ गई। एक कॉलोनी निवासी युवती का दूसरी कॉलोनी के निवासी दूसरी जाति के युवक से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों शादी करना चाहते हैं लेकिन दोनों की जातियां अलग-अलग होने के कारण युवती के परिजन इसके लिए राजी नहीं हो रहे थे इस पर युवती परिजनों से बगावत कर बुधवार को देर रात अपने प्रेमी के घर पहुंच गई। इसकी सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस उसके प्रेमी को पकड़कर कोतवाली ले आई। जबकि युवती को उसके परिजनों के हवाले कर दिया। बृहस्पतिवार को युवती फिर अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंच गई। उसने पुलिस के सामने पेश होकर कहा कि वह अपने प्रेमी से ही विवाह करेगी। उसके परिजनों ने उसे बहुत समझाने की कोशिश की। लेकिन वह नहीं मानी इस पर युवती के परिजनों ने कहा कि वे उसकी प्रेमी के साथ शादी करने को तैयार हैं लेकिन वह विवाह के बाद भविष्य में उससे कोई संबंध नहीं रखेंगे। इस पर भी युवती ने सहमति जाता दी। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो जाने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। प्रेमी युगल के विवाह की तैयारी में उनके समर्थक जुट गए । दोनों पक्षों के शादी के लिए राजी हो जाने के बाद पुलिस ने युवती के पिता और उसके प्रेमी का शांति भंग करने का आरोप में चालान कर उन्हें एसडीएम कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों को जमानत पर रिहा कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

# कुंदरकी में आबादी से हाईटेंशन लाइन हटाने की मांग

कुंदरकी। भारतीय किसान यूनियन भानु ने कुंदरकी और बिलारी क्षेत्र की विद्युत समस्या को लेकर विद्युत भवन में मुरादाबाद क्षेत्र के मुख्य अभियंता से मिले और उनको मांगों का ज्ञापन भी सौंपा।भाकियू भानु के जिलाध्यक्ष दानिश पाशा ने मुख्य अभियंता को अवगत कराया कि कुंदरकी सब डिवीजन के छह बिजलीघरों में से जलालपुर बिजलीघर ऐसा है जिसमें टाउन फीडर नहीं है, जनहित में जलालपुर बिजलीघर में भी टाउन फीडर बनाया जाए। साथ ही कुंदरकी नगर में मोहल्ला ख्वाजानगर में घरों के ऊपर से 33 केवी की लाइन जा रहे है जोकि काफी नीचे होने की वजह से अक्सर विद्युत हादसे होते रहते है और अनेक लोग अपने जानें तक गंवा चुके हैं। पहले ही एस्टीमेट पास होने पर यह हाईटेंशन लाइन आबादी के ऊपर से नहीं हटाई जा रही है। मंडलाध्यक्ष उवैश बाबू ने बताया कि बिलारी के मोहल्ला अंसारियान में नीची 11 केवी की लाइन को ऊंचा किया जाए और नीचे जाल की व्यवस्था की जाएगी तो भविष्य में कोई विद्युत हादसा न हो सके। मुख्य अभियंता ने जांच कर समाधान कराने की आश्वासन दिया है। किसानों का कहना था कि अगर मांगों पर अमल नहीं होता है तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# मशीन खराब होने से 14 घंटे ठप रही कांठ की बिजली

कांठ। नगर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। रात नगर के बिजली उपकेंद्र पर मशीन में खराबी आने से 14 घंटे तक नगर की बिजली आपूर्ति ठप रही। जिससे उपभोक्ताओं को बिन बिजली दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कांठ नगर क्षेत्र को बिजली आपूर्ति करने वाला बिजली उपकेंद्र करीब 90 वर्ष पुराना है। जहां इस उपकेंद्र की बिल्डिंग जर्जर हाल है तो वहीं मशीनें भी काफी पुरानी हो चुकी हैं, जिनमें आए दिन खराब आ जाती है। कभी मशीनें खराब हो जाती हैं तो कभी हल्की बारिश में ही मुख्य लाइन में फाल्ट हो जाता है, जिस कारण नगर क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो जाती है। बुधवार की रात भी बिजली उपकेंद्र पर लगी बीसीवी मशीन में खराबी आ गई, जिससे नगर की आपूर्ति ठप हो गई। बृहस्पतिवार को कर्मचारियों ने जैसे-तैसे मशीन को दुरूस्त कर 14 घंटे के बाद आपूर्ति सुचारु कराई। लेकिन इसके बाद भी बार-बार ट्रिपिंग होने से दिक्कत हुई। बिजली उपकेंद्र पर तहसील और टाउन फीडर से जुड़े उपभोक्ता सुचारू रूप से आपूर्ति नहीं मिलने से परेशान हैं।

# निर्धारित रेट पर बेचे जाएं किसानों को उर्वरक

बिलारी। स्थानीय तहसील सभागार में बृहस्पतिवार दोपहर बाद एसडीएम और अन्य अधिकारियों ने तहसील क्षेत्र के उर्वरक विक्रेताओं की बैठक ली। इस दौरान सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्धारित रेट पर ही किसानों को उर्वरक बेचने के निर्देश दिए। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि सभी उर्वरक विक्रेता रेट लिस्ट प्रदर्शित करें औद तयशुदा रेट पर ही उर्वरक बेचें। एसडीएम ने चेतावनी दी कि निर्धारित से अधिक रेट पर उर्वरकों की बिक्री करना पाया गया तब संबंधित विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह ने कहा कि दुकान पर उर्वरक लेने आने वाले किसानों को उर्वरक खरीदने पर जबरन जिंक या अन्य कोई सामग्री न बेची जाए। एडीओ सहकारिता अनिल कुमार ने कहा कि तहसील क्षेत्र की सभी किसान सेवा सहकारी समितियों पर शासन द्वारा निर्धारित दरों पर ही उर्वरक मिल रहा है ऐसी स्थिति में उर्वरक विक्रेता भी किसानों से निर्धारित दर ही वसूलें। इस दौरान उर्वरक विक्रेताओं द्वारा बताई गई समस्याओं का एसडीएम द्वारा समाधान भी किया गया।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991


# अंधविश्वास: सर्पदंश से महिला की मौत, बाबा ने गोबर में दफन कर कहा 8 बजे जिंदा निकल आएगी

सीतापुर में सर्पदंश से एक 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। डॉक्टरी पुष्टि के बाद भी परिजनों ने एक बाबा कृपाल दास के कहने पर महिला को गोबर से भरे गड्ढे में दफन कर दिया। बाबा का दावा है कि शुक्रवार रात को खुदाई होगी और महिला जीवित निकल सकती है।सीतापुर जिले के तम्बौर थाना क्षेत्र की चकपुरवा ग्राम पंचायत में 60 वर्षीय महिला कला वती को घर में कंडा हटाते समय सांप ने काट लिया। परिजनों ने तुरंत इलाज कराया लेकिन डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।मौत की पुष्टि के बाद भी परिजनों ने हार नहीं मानी। उन्होंने बाबा कृपाल दास को फोन किया। बाबा गांव पहुंचे और बोले एक गड्ढा खोदो, गोबर से भर दो, मैं झाड़-फूंक करूंगा। अगर ऊपरवाले की मर्जी होगी तो महिला जिंदा हो जाएगी।



बाबा के कहने पर परिजनों ने रात 8 बजे महिला को गोबर से भरे गड्ढे में दफन कर दिया।बाबा के अनुसार शुक्रवार रात 8 बजे फिर से उस स्थान की खुदाई की जाएगी। परिजन उम्मीद में हैं कि अगर चमत्कार हुआ तो हमारी मां जिंदा वापस लौटेंगी।

# वन विभाग की रिपोर्ट: उत्तर प्रदेश में आठ साल में लगाए गए 240 करोड़ से अधिक पौधे, तेजी से बढ़ रहा ग्रीन कवर

वन विभाग की अनुश्रवण शाखा की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021-22 में पौधों की जीवितता 76.87%, 2022-23 में 83.73%, 2023-24 में 90.04% और 2024-25 में हुए सर्वेक्षण के अनुसार 96.06% दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार 2020-21 से 2024-25 के काल में प्रदेश में लगाये गये पौधों में से लगभग 86.67 प्रतिशत से अधिक पौधे जीवित हैं। पिछले आठ वर्षों से उत्तर प्रदेश में चल रहे पौध रोपण महाभियान के तहत अब तक 240 करोड़ से अधिक पौधे लगाये जा चुके हैं। वन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2021-22 से लेकर 2024-25 तक रोपित किये गये पौधों की जीवितता लगभग 86.67 प्रतिशत दर्ज की गई है। इस अभियान के चलते प्रदेश में हरित आवरण और फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक में भी राष्ट्रीय औसत से तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है। वन विभाग की अनुश्रवण शाखा की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021-22 में पौधों की जीवितता 76.87%, 2022-23 में 83.73%, 2023-24 में 90.04% और 2024-25 में हुए सर्वेक्षण के अनुसार 96.06% दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार 2020-21 से 2024-25 के काल में प्रदेश में लगाये गये पौधों में से लगभग 86.67 प्रतिशत से अधिक पौधे जीवित हैं। जो प्रदेश में ग्रीन कवर एरिया और पर्यावरण संतुलन बढ़ाने में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। हरित आवरण वृद्धि में यूपी का है देश में दूसरा स्थान एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत वर्ष 2017 से अब तक उत्तर प्रदेश में हरित आवरण में लगभग 5 लाख एकड़ की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान प्रदेश में वन और वृक्ष आवरण 9.18 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 10 प्रतिशत हो गया है। इसके तहत प्रदेश में वृक्षावरण में वर्ष 2017 से 2021 के बीच लगभग 2 लाख और 2021 से 2023 के बीच 1.38 लाख एकड़ की वृद्धि हुई थी। जो वर्तमान में बढ़कर लुतगभग 5 लाख एकड़ हो चुकी है, इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश हरित आवरण वृद्धि में वर्तमान में देश में दूसरे स्थान पर है। भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की वन स्थिति रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 तक यूपी के वन क्षेत्रों के बाहर वृक्षावरण में 3.72% की वृद्धि दर्ज की गई, जो राष्ट्रीय औसत 3.41ल से अधिक है। इसके अलावा, फॉरेस्ट कार्बन स्टॉक में 2.46% की वृद्धि हुई, जो कि राष्ट्रीय औसत 1.13% से लगभग दोगुनी है। जिस आधार पर लगभग 72 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) के अवशोषण का अनुमान है, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान है

# 20 साल पुराने फर्जीवाड़े से कराए गए पट्टे निरस्त, एसडीएम कोर्ट के आदेश पर 6 बीघा जमीन भी वापस

लखनऊ के सरोजनीनगर में दो दशक पुराने फर्जी पट्टों को एसडीएम कोर्ट ने निरस्त कर दिया है। बीबीपुर गांव की 6 बीघा ग्राम समाज की ज़मीन पर 10 लोगों के नाम फर्जी तरीके से पट्टे कराए गए थे। अब ये जमीन ग्राम समाज के नाम दर्ज कर दी गई है। सरोजनीनगर में फर्जी पट्टों के मामले में एसडीएम कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। इसके अनुसार सभी पट्टों को निरस्त करते हुए पूरी छह बीघा जमीन ग्राम समाज के नाम पर दर्ज कर दी गई है। हाईवे से सटी जमीन दस करोड़ रुपये से अधिक कीमत की है।तहसील क्षेत्र के बीबीपुर गांव के दस लोगों के नाम पर करीब दो दशक पहले छह बीघा जमीन का पट्टा कर दिया गया था। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत प्रशासनिक अफसरों से की। इसके बाद वाद दायर किया गया।सुनवाई में लापरवाही बरती गई तो उच्चाधिकारियों ने एसडीएम को सख्त निर्देश दिए। इसके बाद सुनवाई पूरी कर आदेश जारी किया गया।इसके बाद गाटा संख्या 69/6, 69/7, 69/10, 69/9, 69/8, 69/3, 69/4, और 69/8 को निरस्त करते हुए वापस ग्राम समाज में दर्ज कर दिया गया है। मामले में हुआ बड़ा खेल जिस तरह से जमीनों के पट्टे हुए वह बिना अफसरों की मिलीभगत के संभव नहीं है। हालांकि, जांच में पता चला कि पट्टे संबंधी रिकॉर्ड ही नहीं मिले। पट्टा कब हुआ, किसने आदेश जारी किया, इसका पता ही नहीं चला। सूत्रों के मुताबिक मामले में तत्कालीन अफसर फंस सकते हैं, इसलिए रिकॉर्ड इधर-उधर किए गए हैं।हो सकता है कार्रवाई जिनके नाम पट्टा किया गया था, वे सभी शहर के पॉश इलाकों में रहते हैं। उनकी कई संपत्तियां भी हैं। अब जब जमीन वापस हो गई तब मामले की विस्तृत जांच हो सकता है। इसमें वे अफसर भी जद में आएंगे, जिनके समय में पट्टा किया गया था। सरोजनीनगर में डिफेंस कॉरिडोर घोटाला भी हुआ था। इसमें तमाम अफसर दोषी पाए गए थे।



# एसी का कंप्रेसर फटने से मैकेनिक का एक हाथ उड़ा, एसआरएन अस्पताल में बरती गई लापरवाही

मरम्मत के दौरान एयर कंडीशनर का कंप्रेसर तेज आवाज के साथ फट जाने से एसी मैकेनिक का दाहिन हाथ उड़ गया। साथ ही चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटे आई हैं। हादसा शुक्रवार को जार्जटाउन इलाके में एसी ठीक करने के दौरान हुआ।मरम्मत के दौरान एयर कंडीशनर का कंप्रेसर तेज आवाज के साथ फट जाने से एसी मैकेनिक का दाहिन हाथ उड़ गया। साथ ही चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटे आई हैं। हादसा शुक्रवार को जार्जटाउन इलाके में एसी ठीक करने के दौरान हुआ। आनन फानन में मैकेनिक को उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल लाया गया। बहरिया इलाके के रामपुर दौलतपुर गांव का निवासी तस्लीम एक बड़ी कंपनी में एयर कंडीशनर का मैकेनिक है। जार्जटाउन के एक कस्टमर ने कंपनी में शिकायत दर्ज कराई थी उसका एयर कंडीशनर ठंडा नहीं कर रहा है। कंप्रेसर में खराबी की आशंका जताई थी। शुक्रवार को कंपनी की ओर से एसी की मरम्मत करने के लिए तस्लीम पहुंचा था। मरम्मत के दौरान कंप्रेसर तेज आवाज के साथ फट गया। इससे हलचल मच गई। विस्फोट की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आनन फानन में उसे अस्पताल लाया गया। खून से लथपथ तस्लीम को प्राथमिक चिकित्सा के लिए ट्रॉमा सेंटर में लाया गया तो डॉक्टरों ने उसे डिजिटल एक्सरे के लिए भेज दिया। एक्सरे के लिए स्ट्रेचर पर लेटकर अपनी बारी का इंतजार करता रहा तस्लीम स्ट्रेचर पर लेटा कर अस्पताल के कर्मचारी और परिजन तस्लीम को लेकर डिजिटल एक्सरे के लिए पहुंचे तो बताया गया कि मशीन खराब है और कई दिनों से बंद पड़ी है। नई बिल्डिंग में ले जाने को कहा गया। इसके बाद तस्लीम को लेकर नई बिल्डिंग स्थित डिजिटल एक्सरे के लिए लाया गया तो यहां पहले से ही काफी लंबी लाइन लगी थी। खून से लथपथ तस्लीम स्ट्रेचर पर लेटकर काफी देर तक अपनी बारी का इंतजार करता रहा। एक घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद उसका एक्सरे कराने के बाद उपचार शुरू किया गया। परिजन गुहार लगाते रहे लेकिन एक्सरे के कर्मचारी और अस्पताल के अधिकारी कुछ भी सुनने के लिए तैयार नहीं थे।



# सावन में 'छोटी काशी' पहुंचने के लिए बनाए गए सात मार्ग, भीड़ के चलते इस दिन बंद रहेंगे स्कूल

छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ का विशेष धार्मिक महत्व है। सावन में यहां के प्राचीन मंदिर में कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ती है। इसको लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। भगवान भोलेनाथ की आराधना के प्रति समर्पित सावन माह शुक्रवार से शुरू हो गया। लखीमपुर खीरी जिले में छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ का विशेष धार्मिक महत्व है। सावन में यहां कांवड़ियों की भारी भीड़ उमड़ती है। इसको देखते हुए सावन के चारों सोमवार को नगर क्षेत्र के स्कूल-कॉलेज बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। यहां पहुंचने के लिए सात प्रमुख मार्ग बनाए गए हैं। गोला में शिव मंदिर कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। इसके चलते शिव मंदिर के पुराने मुख्य मार्ग को सावन के प्रत्येक सोमवार एवं विशेष तिथियों पर बंद रखने की योजना तय हुई है। इससे इस मार्ग के सैकड़ों दुकानदार मायूस हैं। गोकर्ण तीर्थ को चारों ओर टिन की चादर की बाड़ लगा दी गई है। शिव मंदिर की ओर बाड़ के पीछे ऊबड़-खाबड़ सीढ़ियों को ठीक करके पंडा-पुरोहितों ने अपने घाट बना तो लिए हैं, लेकिन उनका कहना है कि प्रशासन ने तीर्थ पर आने के लिए कोई निश्चित मार्ग नहीं छोड़ा है।प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी का दावा करते हुए शिव मंदिर के नए मुख्य मार्ग पर महिला, पुरुष श्रद्धालु एवं डाक कांवड़ के लिए अलग-अलग दीर्घा बनाई है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से पूरे शहर को दो जोन के अंतर्गत छह सेक्टर में बांटा है। बृहस्पतिवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, मेला प्रभारी एसडीएम युगांतर त्रिपाठी और तहसीलदार भीमचंद ने भ्रमण कर तैयारियों की समीक्षा की। गोला पहुंचने के हैं सात प्रमुख मार्ग इच दिशा से बहराइच-सिसैया-लखीमपुर- मनिकापुर तिराहा-फरधान-गोला। खीरी टाउन की तरफ से लहरपुर खीरी टाउन- राजापुर चौराहा- मनिकापुर तिराहा- फरधान-गोला। सीतापुर की ओर से- लखनऊ- सीतापुर-हरगांव- एलआरपी चौराहा- मनिकापुर तिराहा-फरधान-गोला। शारदानगर की दिशा से आने वाले वाहन फूलबेहड़, शारदानगर महेवागंज-संधरी-लालपुर बैरियर-मनिकापुर तिराहा-फरधान-गोला। मोहम्मदी की दिशा से- शाहजहांपुर-मोहम्मदी-हैदराबाद-गोला। खुटार की दिशा से- पीलीभीत-खुटार-गोला। पलिया-भीरा-बिजुआ-अलीगंज-गोला मैलानी- खुटार-गोला। घाट गोकर्ण तीर्थ के प्रभाकर लाल शास्त्री ने बताया कि भगवान शिव के मंदिर के साथ गोकर्ण तीर्थ भी जुड़ा है। सावन से पहले तीर्थ की भी तैयारी हो जानी चाहिए थी। जो प्रशासन ने नहीं की। पंडित दीनानाथ ने कहा कि छोटी काशी में सावन का विशेष महत्व है। तीर्थ अस्त-व्यस्त पड़ा है। कुंड में बरसात का गंदा जल भरा है। सावन में शिव भक्तों को दिक्कत होगी। छोटी काशी पंडा कल्याण समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने कहा कि तीर्थ को चारों ओर से टिन की चादर लगाकर बंद कर दिया गया है। तीर्थ पर आने के लिए कोई निश्चित रास्ता नहीं दिया गया है। ऐसे में पंडा पुरोहितों के घाट पर श्रद्धालुओं का पहुंचना मुश्किल होगा। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि सावन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गईं हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम दर्शन के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। स्वयं भ्रमणकर तैयारियों की समीक्षा की है। जिले से अलग-अलग प्वाइंट पर अधिकारियों की तैनाती की गई। सावन के चारों सोमवार को नगर क्षेत्र के स्कूल-कॉलेज बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।



## संक्षिप्त समाचार

# वाह रे सिस्टम: छात्रावास के लिए जारी 10 लाख सिर्फ कागजों पर हुए खर्च, जांच में खुलासा; अधीक्षिका पर गिरी गाज

छात्रावास के लिए जारी 10 लाख कागजों पर ही खर्च हो गए। 7 जुलाई को मुरादाबाद में छात्रों ने मंत्री से शिकायत की थी। इसके बाद जांच रिपोर्ट में खुलासे के बाद अधीक्षिका को निलंबित कर दिया गया है। मंत्री ने जिला समाज कल्याण अधिकारी के खिलाफ भी जांच के निर्देश दिए। यूपी के मुरादाबाद में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास के रखरखाव के लिए 10 लाख रुपये सिर्फ कागजों पर खर्च कर दिए गए। उससे जमीन पर कोई कार्य नहीं कराया गया। मामले में छात्रों की शिकायत पर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जांच कराई। जांच रिपोर्ट के आधार पर अधीक्षिका प्रवेश कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी के खिलाफ भी जांच के निर्देश दिए गए हैं। बच्चों ने मंत्री से की थी शिकायत मंत्री असीम अरुण ने 7 जुलाई को मुरादाबाद के एक छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास के छात्रों ने उनसे कई शिकायतें कीं। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उन्होंने जांच के निर्देश दिए। मामले में मेरठ मंडल की उपनिदेशक सुनीता यादव ने 10 जुलाई को छात्रावास पहुंचकर जांच की। मरम्मत और पुताई के काम में भी गड़बड़ी मिली- जांच में उन्होंने पाया कि मार्च में 14 कैमरे कागजों में तो खरीद लिए गए, लेकिन लगाए नहीं गए। जांच अधिकारी के पहुंचने से पहले 9 जुलाई को कैमरे लगाए गए थे। इसी तरह 42 इंच का टीवी भी मार्च में ही लगना कागजों में बताया गया। लेकिन, टीवी 7 जुलाई को लगाया गया। इतना ही नहीं कमरों, खिड़कियों की पुताई, मुख्य गेट की मरम्मत और पुताई के काम में भी गड़बड़ी मिली। इसके बाद निलंबन की कार्रवाई की गई।



# पति से फोन पर की बात... कुछ देर बाद फंदे से लटकी मिली विवाहिता, पति समेत पांच पर केस दर्ज

अंबेडकरनगर में पति से फोन पर बात की, फिर कुछ देर बाद विवाहिता फंदे से लटकी मिली। मामले में पति समेत पांच पर केस दर्ज किया गया है। यूपी के अंबेडकरनगर में बृहस्पतिवार की शाम विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला। मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की जांच की रही है।घटना हंसवर थाना क्षेत्र के टड़वा दरव मैंदी गांव की है। गांव निवासी तुलेस कुमार की शादी दो साल पहले प्रियंका (23) के साथ हुई थी। उनको 11 माह का एक पुत्र है। तुलेस रोजगार के सिलसिले में मुंबई में रह रहा है। बृहस्पतिवार दोपहर करीब 1=30 बजे प्रियंका की अपने पति से मोबाइल पर बात हुई थी। इसके बाद शाम लगभग 4.00 बजे उसका शव घर के अंदर फांसी पर लटका मिला। ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप घटना के समय ससुर सम्हारू व सास ठेके पर धान लगाने के लिए खेत गए थे। घर में कोई अन्य मौजूद नहीं था। प्रियंका ने अपने बेटे को घटना से पहले पड़ोसी के घर छोड़ दिया था। परिवार के लोग वापस लौटे तो शव लटकता देखकर उनके होश उड़ गए। सूचना पाकर मायके पक्ष के लोग भी आ गए। भाई रक्षाराम निवासी तरौली मुबारकपुर ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा रक्षाराम के मुताबिक दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर शव लटका दिया गया है। सूचना पाकर मौके पर थाना प्रभारी वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। भाई की तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# एक साथ उठीं चार अर्थी: काली प्लास्टिक में लिपटी लाशों को देख मच गई चीत्कार, इस हादसे से हिल गया पूरा गांव

हादसे में जान गंवाने वाले सोमपाल को छोड़कर अतर सिंह, बच्चू सिंह व संजय के बच्चे छोटे हैं। इनकी मौत से बच्चों की परवारिश का संकट खड़ा हो गया है। सोमपाल की चिता को उनके बेटे बाबूलाल ने मुखाग्नि दी। दर्दनाक हादसे में स्थित करखेड़ी गांव में मातम पसर हुआ है। उठीं तो हर किसी की आंख नम हो गई। में लोग शामिल हुए। घरों में चूल्हे तक नहीं श्मशान भूमि में एक साथ चारों शवों का हुई थी मौत वजीरगंज थानाक्षेत्र में गांव देर शाम दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो करखेड़ी निवासी अतर सिंह (40) पुत्र (60) और दूसरी बाइक पर सवार संजय जागन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घायल हो गए थे। देर रात ही पुलिस ने चारों शव गांव पहुंचे। इससे पहले ही अंतिम काली प्लास्टिक में लिपटे आए चारों शव काली प्लास्टिक में लिपटे चारों शव देखते अपने के शव से लिपटकर रोने बिलखने ग्रामीण नहीं रोक पाए आंसू सुबह करीब नौ



एक ही बिरादरी के चार लोगों की मौत से बदायूं शुक्रवार सुबह एक साथ कंधे पर चार अर्थियां शव यात्रा में आस-पास के गावों के बड़ी संख्या जले हैं। परिजनों ने गमगीन माहौल में गांव की दाह संस्कार किया गया।दो बाइकों की भिड़ंत में अलउआ के पास बगरैन-करखेड़ी मार्ग पर गुरुवार गई थी। जिसमें बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव विजेंद्र मीणा, उनके रिश्ते के बाबा बच्चू सिंह (28) पुत्र बच्चू व सोमपाल सिंह (55) पुत्र जबकि अशोक (28) पुत्र भेदेव गंभीर रुप से शवों का पोस्टमॉर्टम कराया। शुक्रवार तड़के चारों संस्कार की तैयारियां पूरी की जा चुकी थी। रिश्तेदार व ग्रामीण तैयारियों में जुटे हुए थे। ही परिजनों में चीत्कार मच गई। परिजन अपने-लगे। महिलाएं दहाड़े मारकर बेसुध होने लगी। बजे एक साथ उठीं चार अर्थियों को देख ग्रामीण अपने आंसू नहीं रोक पाए। शव यात्रा में आस-पास के गांवों के लोग भारी संख्या में पहुंचे। गांव के ही श्मशान भूमि पर एक साथ चारों शवों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। नेताओं ने घर पहुंचकर जताया शोक इस हादसे से पूरे गांव मातम पसरा हुआ है। घरों में विलाप की चीखें गूंज रही है। परिजनों को ढांढस बांधने वालों का तांता जुटा हुआ है। क्षेत्र के नेताओं ने घर पहुंचकर परिवार को शोक संवेदना व्यक्त की हैं।किसी के बेटे तो किसी के भतीजे ने दी चिता को मुखाग्नि हादसे में जान गंवाने वाले सोमपाल को छोड़कर अतर सिंह, बच्चू सिंह व संजय के बच्चे छोटे हैं। इनकी मौत से बच्चों की परवारिश का संकट खड़ा हो गया है। सोमपाल की चिता को उनके बेटे बाबूलाल ने मुखाग्नि दी। जबकि बच्चू का बेटा छोटा होने के कारण उनकी चिता को भतीजे बृजेश ने मुखाग्नि दी।

## 'भूरा ने मेरी बेटी संग किया बहुत बुरा': बिन ब्याही हुई गर्भवती तो गांव वालों ने मारे ताने; बाप बन गया हैवान

नौ अगस्त को दर्ज कराई रिपोर्ट में भाई ने कहा था कि परिचित वीरेंद्र उर्फ भूरा से उसकी बहन के संबंध थे। उसकी बहन गर्भवती हो गई थी। सात अगस्त को इस बारे में पिता को मालूम हो गया।बिन ब्याही बेटी के गर्भवती होने पर उसकी हत्या करने के दोषी पिता को एडीजे तबरेज अहमद ने उम्रकैद और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर दोषी को एक साल जेल में अतिरिक्त रहना होगा। मामला अगस्त 2024 का है।गांव के लोगों ने पिता को मारे थे ताने-युवती यूपी के बरेली स्थित सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली थी। नौ अगस्त को दर्ज कराई रिपोर्ट में भाई ने कहा था कि परिचित वीरेंद्र उर्फ भूरा से उसकी बहन के संबंध थे। उसकी बहन गर्भवती हो गई थी। सात अगस्त को इस बारे में पिता को मालूम हो गया। गांव के ही दो लोगों ने पिता को ताने दिए। आठ अगस्त की रात पिता ने बरामदे में सो रही उसकी बहन की गला घोंटकर हत्या कर दी।अभियोजन की ओर से 10 गवाह और 12 साक्ष्य पेश किए गए- चार अक्तूबर को पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी। जनवरी 2025 में आरोपी के खिलाफ कोर्ट ने आरोप तय किए। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से 10 गवाह और 12 साक्ष्य पेश किए गए। दो गवाह पक्षद्रोही हो गए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी को हत्या का दोषी पाते हुए सजा सुनाई। चौकी में आरोपी ने कुबूला था गुनाह- पुलिस की ओर से परसाखेड़ा चौकी में पिता की गई वीडियो रिकॉर्डिंग कोर्ट में पेश की गई। उसमें स्वीकार किया था कि उसने बदनामी के डर से बेटी की हत्या की। कोर्ट में सुनवाई के दौरान वह इससे मुकर गया।

## फंदे से लटका मिला लापता डीफार्मा छात्र का शव, बुआ के घर रहकर करता था पढ़ाई; एक युवती से थी दोस्ती

रायबरेली में दो दिन से लापता डीफार्मा छात्र का शव जंगल में पेड़ की डाल से लटकता मिला। वह चार वर्षों से बुआ के घर रहता था। पढ़ाई के साथ पैथोलॉजी में नौकरी भी करता था। उसकी एक युवती से दोस्ती थी। प्रेम प्रसंग में हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। यूपी के रायबरेली में दो दिन से लापता डीफार्मा छात्र सूरज कोरी का शव शुक्रवार सुबह गांव के बाहर जंगल में पेड़ की डाल से फंदे से लटकता मिला। पैर और हाथों पर छाले पड़े थे। चमड़ी उधड़ी हुई थी। शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ



डालने की आशंका जताई जा रही है। परिवार के लोगों का आरोप है कि बेटे की हत्या करके पेड़ से लटकाया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया गया कि सूरज मूलरूप से उन्नाव जिले के बारा सगवर थाना क्षेत्र के तेज सिंह का पुरवा, मजरे अलीपुर का रहने वाला था। चार वर्षों से वह लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे जालिम सिंह का पुरवा मजरे गौरा रुपई में बुआ अनीता देवी के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह डीफार्मा द्वितीय वर्ष का छात्र था। साथ ही कस्बा स्थित एक पैथोलॉजी में नौकरी भी करता था। परिवारीजनों के मुताबिक, बुधवार शाम फोन पर बात करते हुए वह घर से निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। गुरुवार सुबह कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।भैंस चरा रहीं महिलाओं ने पेड़ की डाल से लटका देखा शव शुक्रवार सुबह करीब 8.30 बजे गांव से करीब एक किमी दूर जंगल में भैंस चरा रहीं महिलाओं ने सूरज का शव पेड़ की डाल से फंदे से लटका देखा। इस पर उन्होंने शोर मचाया। शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। खबर मिली तो घरवाले भी रोते बिलखते पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके से सूरज का मोबाइल बरामद हुआ है। घटना के बाद से माता कांती देवी, छोटी बहन ममता, बुआ अनीता देवी, फूफा नंदलाल और फुफेरा भाई शुभम रो-रोकर बदहवास हो गए। बताया गया कि सूरज दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई मोहन विदेश में रहकर नौकरी करता है। घरवालों ने बेटे की हत्या करके शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। हत्या की वजह कहीं प्रेम संबंध तो नहीं- परिवारीजन ने बताया कि सूरज का एक युवती से प्रेम संबंध चल रहा था। वह उसके साथ एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रशिक्षण ले चुकी है। कुछ दिन पहले दोनों में विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों परिवारों के बीच समझौता भी हुआ था। हालांकि, इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चल सकेगा। घुटने के बल फंदे से लटका था शव- लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि सूरज का शव पेड़ की डाल से फंदे से लटका है। उसके पैर के दोनों घुटने जमीन पर टिके थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि सूरज घुटनों के बल बैठा है। परिवार के लोग भी इसे देखकर आवाक रह गए। यही कारण रहा कि परिवार के लोगों ने हत्या करने की आंशका जताई है। उनका कहना है कि यह आत्महत्या नहीं है। घुटनों के बल बैठकर आत्महत्या कैसे की जा सकती है

## बेवफाई: अंधे प्यार के लिए अब शादीशुदा बीना बन गई सुहाग की 'कातिल', थाने पर होगा एक ऐसा रजिस्टर...

अलीगढ़ जिले के थानों में आने वाले दंपती विवादों को लेकर एक अलग रजिस्टर बनवाया जाएगा। यह काम एक दो दिन में ही शुरू होगा। इस रजिस्टर में विशेष कर ऐसे दंपती विवाद दर्ज होंगे, जिनमें पति ने अपनी पत्नी के विषय में किसी से संबंधों को लेकर या किसी तरह की धमकी देने को लेकर शिकायत दी है।विवाहेतर प्रेम संबंध (एक्स्ट्रा मैरिटल रिलेशन) में बेवफाई का अलीगढ़ जिले में ये पहला किस्सा नहीं। जेल में 15 महिलाएं ऐसी हैं, जो अपने प्रेमियों संग पतियों की हत्या में निरुद्ध हैं। हाल में गंगीरी के बाद अब बरला में विवाहेतर प्रेम संबंध सुहाग की 'कातिल' बीना बनी है। समाज में लगातार बढ़ रही इस तरह के अपराध के चलन पर पुलिस की भी चिंता बढ़ी है। इसे लेकर पुलिस स्तर से जिले में एक नया रजिस्टर बनाकर ऐसे विवादों को सूचीबद्ध कर उनके निस्तारण व निगरानी के प्रयास शुरू किए जा




रहे हैं। ये निर्णय बृहस्पतिवार की घटना के बाद ही लिया गया है।इस विषय में एसपी देहात अमृत जैन बताते हैं कि ये विषय बेहद गंभीर होता जा रहा है। इसी क्रम में यह निर्णय लिया गया है कि जिले के थानों में आने वाले दंपती विवादों को लेकर एक अलग रजिस्टर बनवाया जाएगा। यह काम एक दो दिन में ही शुरू होगा। इस रजिस्टर में विशेष कर ऐसे दंपती विवाद दर्ज होंगे, जिनमें पति ने अपनी पत्नी के विषय में किसी से संबंधों को लेकर या किसी तरह की धमकी देने को लेकर शिकायत दी है। उन दर्ज प्रकरणों में फिर निगरानी, काउंसीलिंग व निस्तारण तक जोर दिया जाएगा। ताकि इस तरह के बढ़ते अपराध पर नियंत्रण को एक प्रयास शुरू हो सके। ये हैं कुछ ताजा उदाहरण गंगीरी के नगला हिमाचल में ऋषि कुमार की 17 जून रात गोली मारकर हत्या की गई थी। जांच में उजागर हुआ कि उसकी पत्नी ललिता के रिश्ते के देवर से प्रेम संबंध थे। पति इन संबंधों का विरोध करता था। इसी के फेर में ललिता ने साजिश रचकर प्रेमी रिश्ते के देवर से पति की हत्या करा दी। दोनों को जेल भेजा गया है। कस्बा चंडौस के 30 वर्षीय अर्जुन की शादी वर्ष 2013 में इगलास के गांव कलींजरी निवासी सर्वेश संग हुई। दोनों नोएडा जाकर रहे। वहीं जॉब करने लगे। वहीं सर्वेध के एक युवक से संबंध हो गए। इसके बाद अर्जुन सर्वेश को लेकर चंडौस आ गया था। मगर सर्वेश का प्रेमी से संपर्क बंद नहीं था। इसी से तंग आकर अर्जुन ने 14 मई 2025 की रात आत्महत्या कर ली। इसमें पत्नी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया। क्वार्सी चिलकौरा ताजबाग कॉलोनी में महिला खैरूनिशां और उसके ननदोई की प्रेम कहानी में बाधा बन रहे पति मो. चमन खां की हत्या कर दी गई। 9 अप्रैल 2025 को अपने पति की गुमशुदगी दर्ज करा दी। मगर जांच में उजागर हुआ कि चमन खां की हत्या की गई। तब दोनों को पकडक़र जेल भेजा गया। कोतवाली इगलास के गांव सूरजा करौली निवासी करुआ सिंह का शव 23 फरवरी 2025 को बांस फतेली के रजवाहे में मिला। पुलिस जांच में उसकी पत्नी कमलेश व गांव के नीरज के साथ संबंध उजागर हुए। उन्हीं संबंधों में एक लाख रुपये में सुपारी देकर हत्या कराया जाना उजागर हुआ। कोतवाली इगलास के नगला अहवासी निवासी जितेंद्र हरियाणा के फरीदाबाद में नौकरी करता था। 11 जनवरी को अचानक वह गायब हो गया। गुमशुदगी पर हुई जांच में उसकी पत्नी रेखा के अपने नेवीकर्मी प्रेमी से संबंध थे। उन्हीं संबंधों में जितेंद्र की हत्या कर शव नदी में दफनाया गया। जिसे बाद में बरामद किया। ये भी जानना है जरूरी- 38 महिलाएं हत्या के अपराध में अलीगढ़ जेल में निरुद्ध, 28 को सजा 15 महिलाएं इनमें प्रेमी संग जेल में, जिनमें 7 को सजा हुई है जिले में बनेगा ऐसे दंपती विवादों का रजिस्टर, होगी निगरानी-निस्तारण

### संक्षिप्त समाचार

## 62वीं वाहिनी एसएसबी भिनगा में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के इकाई चिकित्सालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन अमरेंद्र कुमार वरुण, कमांडेंट 62वीं वाहिनी एसएसबी के नेतृत्व में संयुक्त जिला चिकित्सालय, भिनगा श्रावस्ती के सहयोग से किया गया।




शिविर का उद्देश्य समाज के प्रति सेवा एवं मानवता के मूल्यों को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर श्री सोनू कुमार, उप कमांडेंट एवं गोबर्धन पुजारी, उप कमांडेंट सहित वाहिनी के कुल 21 जवानों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सोनू कुमार, उप कमाण्डेन्ट ने रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और यह न केवल जरूरतमंदों की जान बचाने का कार्य करता है, बल्कि यह देश सेवा की भावना को और भी मजबूत करता है। संयुक्त जिला चिकित्सालय की चिकित्सकीय टीम ने रक्तदान शिविर में तकनीकी सहयोग प्रदान किया और जवानों की जांच कर सुरक्षित रूप से रक्त संग्रहण किया। 62वीं वाहिनी एसएसबी भिनगा द्वारा इस प्रकार के सामाजिक सरोकारों में भागीदारी भविष्य में भी जारी रहे ।

## दरवाजे के सामने बाइक खड़ी करने को मना करती थी महिला, घर में घुसे पड़ोसी, पीट-पीटकर मार डाला

गांव काजीवाला में जुबैदा और उसके घरवाले पड़ोसी की बुलेट बाइक को दरवाजे के सामने खड़ी करने से मना करते थे। विवाद बढ़ा तो पुलिस से शिकायत की गई। इससे गुस्साए आरोपियों ने महिला की हत्या कर दी। शहर कोतवाली के गांव काजीवाला में पड़ोसियों ने घर में घुसकर जुबैदा (40) को पीट पीटकर मार डाला।





उसे सिर पर किसी भारी वस्तु से वार भी किया गया। दरअसल पड़ोसी युवक, महिला के घर के दरवाजे के बाहर बुलेट बाइक खड़ी करता था, जिसे लेकर पिछले एक महीने से विवाद बना हुआ था। इसकी शिकायत पुलिस से करने पर आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया।शुक्रवार को काजीवाला निवासी तवक्कल अपने बेटे आसिफ के संग ई रिक्शा लेकर बिजनौर चला गया। बेटी नूर सबा और दूसरा बेटा स्कूल चले गए। अब घर में तवक्कल की पत्नी जुबैदा अकेली रह गई। करीब 11 बजे पड़ोस में रहने वाले आरोपी घर में घुस आए। उन्होंने पीट-पीटकर जुबैदा की हत्या कर दी। कक्षा नौ में पढ़ने वाली नूर सबा घर लौटी तो उसने आंगन में मां को लहूलुहान हालत में मृत पड़ा पाया। सूचना मिलते ही एएसपी सिटी संजीव वाजपेयी, शहर कोतवाल उदयप्रताप पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौका मुआयना करते हुए घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृतका के पड़ोसी कलाम, उसकी पत्नी हाजरा, बेटे अमन और समीर, भूरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। ये बोले एएसपी सिटी- घर के सामने बाइक खड़ी करने को लेकर कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। इसी को लेकर पड़ोसियों ने ही महिला की हत्या कर दी। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों की लापरवाही को लेकर भी जांच बैठा दी गई है। - संजीव वाजपेयी, एएसपी सिटी

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# शामली डीएम की गाड़ी से वीडियो बाइक दो युवक घायल अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

क्यूँ न लिखूँ सच - राकेश गुप्ता

शामली जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया दुर्घटना में वह बाल बाल बच गए हादसे में दो युवा गंभीर रूप से घायल है जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया घटना थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के भैंसवाल रोड पर ए आरटीओ कार्यालय के पास हुई यहां जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की गाड़ी से बाइक सवार टकरा गए जिलाधिकारी की गाड़ी में टक्कर लगने से बाइक पर सवार युवकों में से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें तुरंत जिला अधिकारी की सुरक्षा में लगी एस्कॉर्ट गाड़ी से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गनीमत यह रही की इस मामले में जिलाधिकारी की सिर्फ गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है उन्हें किसी प्रकार की चोट नहीं आई झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव गंगारामपुर खेड़की के रहने वाले तीन युवक अपने लाइसेंस को लर्निंग से लाइट करने के लिए ए आरटीओ कार्यालय जा रहे थे जैसे ही वह थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के भैंस वाले रोड पर यह आरटीओ कार्यालय के निकट पहुंचे तो वहीं पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार की गति से कर की साइड उनकी बाइक में लग गई जिसकी वजह से उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और आगे से आ रही जिला अधिकारी की गाड़ी से टकरा गई इसके बाद तीनों युगों में से एक को वहीं नीचे गिर गया जबकि दो युवक जिला अधिकारी की गाड़ी पर जा गीरे इस हादसे में जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान को किसी प्रकार की कोई चोट नहीं आई माही उनकी गाड़ी का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया इसके बाद गाड़ी से नीचे उतरे जिला अधिकारी ने सभी घायलों को अपनी एस्कॉर्ट सुरक्षा में लगी दूसरी गाड़ी से जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां पर उनका उपचार किया जा रहा है घायल हुए युवक अनुज ने बताया कि वह गंगा रामपुर खेड़की के रहने वाले हैं और अपने लाइसेंस को लर्निंग से लाइट करने के लिए ए आरटीओ कर ले जा रहे थे



# जमीनी रंजिश में अधिवक्ता को लाठी डंडा से मार कर जख्मी कर दिया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

मऊआइमा (प्रयागराज) अपनी जमीन निर्माण कार्य करवा रहे अधिवक्ता को परिजनों ने लाठी डंडा से मार कर जख्मी कर दिए। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गदाईपुर निवासी आफताब आलम पुत्र अब्दुल जब्बार पेशे से अधिवक्ता हैं। आरोप है कि वह अपनी जमीन पर मकान का निर्माण कर रहे थे। आफताब आलम का आरोप है कि विपक्षी उसके परिवार के लोगों ने लाठी डंडा से उसे मार कर जख्मी कर दिए।जिसे डाक्टरों ने रेफर कर दिया है। पुलिस ने अधिवक्ता आफताब आलम की तहरीर पर अब्दुल सत्तार उर्फ वकील, मोहम्मद सबील, मोहम्मद गुलहसन, मोहम्मद शरीफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बताया गया है कि दूसरे पक्ष को भी चोटें आयी है परन्तु वह थाने नहीं आया।

# अधौन में पानी में डूबने से किशोर की मृत्यु

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ अकराबाद - गांव अधौन में एक किशोर की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है। गांव निवासी फैजल पुत्र स्वर्गीय हलीम खां रात में घर से बाहर घूमने गया था।शुक्रवार की सुबह गांव के बुध्दन खां के खेत के किनारे करीब दस फुट गहरे गड्ढे में 15 वर्षीय फैजल का शव उतराता मिला है। स्वजनों ने संभावना व्यक्त की है कि फैजल शौच के लिए गया होगा। जहां पैर फिसलजाने से वह गहरे गड्ढे में गिर गया। स्वजनों ने पुलिस से शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है। वहीं परिजनों द्वारा किशोर को मंदबुद्धि बताया जा रहा है। शाम को परिजनों ने गांव के निकट शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।



# 62वाहिनी एस एस बी का वृक्षारोपण महाअभियान का सफल आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती अमरेंद्र कुमार वरुण, कमांडेंट 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भिनगा के दिशा निर्देशन में %डी% समवाय तरूश्मा और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण महाअभियान~ पवित्र धारा वृक्षारोपण का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान ककरदरी रेंज क्षेत्र में संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देना एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है।

इस कार्यक्रम में 62वीं वाहिनी की सीमा चौकी तरुस्मा के सहायक उप-निरीक्षक गणेश सिंह व अन्य कार्मिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। साथ ही उत्तर प्रदेश फॉरेस्ट विभाग के रेंजर एस.के. शुक्ला, ग्राम अशनरिया के ग्राम प्रधान विजय कुमार पॉल एवं नेपाल वन विभाग के रेंजर अधिकारी पुष्कर विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम के दौरान कार्मिको के द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए । इस अभियान के माध्यम से स्स्क्ष का उद्देश्य सीमा सुरक्षा के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं स्थायी हरियाली सुनिश्चित करना है ।




# शामली में प्रेमी युगल ने मंदिर में रचाई शादी परिजन बने दुश्मन एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

क्यूँ न लिखूँ सच - राकेश गुप्ता

शमली उत्तर प्रदेश के शमली जिले में एक प्रेमी युगल ने पुलिस अधीक्षक कार्यलय पहुंचकर अपनी जान को खटरा बताते हु? सुरक्षा की गुहार लगाई लड़की का दावा है की उसने अपनी मर्जी से लड़के से शादी की है लेकिन उसके परिवार वाले आईएस बात से नाराज हैं और नव विवाहित जोड़े को जान से मरने की धमकी डे रहे हैं शुक्रवार को थाना भवन क्षेत्र के गांव यारपुर निवासी युवती चांदनी और बाबरी थाना क्षेत्र के गांव भदोडा निवासी युवक विशाल एसपी करले पहुंचे उन्होंने सपा को एक शिकायती पत्र सोपा जिसमें यूपी ने कहा कि वह और विशाल पिछले लंबे समय से प्रेम संबंध में थे और 10 जुलाई को बाबरी के एक मंदिर में हिंदू रीति रिवाज से विवाह कर लिया युक्ति का कहना है कि यह विवाह पूरी तरह स्वेच्छा से बिना किसी दबाव के किया गया है लेकिन उसके परिजन इस रिश्ते से नाराज है और आप युवक विशाल उसकी पत्नी चांदनी और ससुराल वालों की जान को खतरा बना हुआ है



# बैराढ़ में कृषकों की शिकायत पर कृषि दल सक्रिय, प्रयोगशाला जांच हेतु सोयाबीन बीज के नमूने लिए

क्यूँ न लिखूँ सच - राजकुमार शर्मा (कटारे)

शिवपुरी, बैराढ़ तहसील में कुछ किसानों द्वारा सोयाबीन बीज के अंकुरण न होने की शिकायत पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच दल गठित किया गया। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास के नेतृत्व में गठित दल ने मैसर्स राजौरिया कृषि सेवा केंद्र बैराढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि विक्रेता बीज अनुज्ञप्तिधारी है तथा उसने अरिहंत एग्रो सीड्स उज्जैन का प्रमाणित सोयाबीन बीज लगभग 150 क्विंटल कृषकों को विक्रय किया था। बीज भौतिक रूप से सही पाया गया एवं अंकुरण परीक्षण हेतु नमूना प्रयोगशाला भेजा गया है। शिकायत की विस्तृत जांच हेतु दल द्वारा दिनांक 9 जुलाई को ग्राम गाजीगढ़ एवं 10 जुलाई को ग्राम टोड़ा में संबंधित कृषकों के खेतों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि बुवाई के तुरन्त पश्चात हुई लगातार वर्षा के कारण सोयाबीन के बीज का अंकुरण प्रभावित हुआ है। कुछ स्थानों पर बीज की अधिक गहराई, जलभराव एवं मिट्टी की ऊपरी सतह कठोर होने जैसे कारण भी सामने आए हैं। उल्लेखनीय है कि जिन खेतों में मूँगफली एवं बाजरे की फसल बोई गई थी, उनकी स्थिति तुलनात्मक रूप से बेहतर पाई गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि शिकायत के आधार पर विक्रेताकी दुकान सील की गई है एवं प्रयोगशाला परीक्षण की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में जिले में नकली बीज विक्रय की कोई स्थिति नहीं पाई गई है।




# सावन में सौहार्द की बयार: बरेली में नमाज के बाद बम-बम भोले की गूंज, मुस्लिमों ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल

बरेली के जोगी नवादा में पिछले सप्ताह हिंदू पक्ष के लोगों ने ताजियेदारों का माला पहनाकर स्वागत किया था। अब मुस्लिम पक्ष ने सावन के पहले दिन कांवड़ियों पर फूल बरसाए हैं। दो समुदाय के लोगों ने गले मिलकर सौहार्द की मिसाल पेश की है। बरेली में मिश्रित आबादी के जिस जोगी नवादा इलाके में दो साल से सांप्रदायिक विवाद और तनातनी का माहौल था, वहां शुक्रवार को अमन के माहौल में सौहार्द के फूलों की बारिश हुई। सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव और इंस्पेक्टर बारादरी धनंजय पांडेय की अगुवाई में जोगी नवादा की उसी शाहनूरी मस्जिद के पास कांवड़ियों के पहले जत्थे पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पुष्प वर्षा की, जहां दो साल पहले दोनों समुदाय के लोगों में पथराव के बाद पुलिस को लाठीचार्ज और हवाई फायरिंग करनी पड़ी थी। शिवनंदन शर्मा के इस जत्थे में करीब डेढ़ सौ कांवड़िये नाचते गाते हरिद्वार के लिए रवाना हुए।कांवड़ियों पर करीब पचास मुस्लिम भाइयों ने पुष्प वर्षा की। साथ ही फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। सीओ समेत पुलिस टीम को भी फूलमाला पहनाई गईं। इससे पहले मुस्लिम भाइयों ने शाहनूरी मस्जिद में नमाज अदा की थी। इसके थोड़ी देर बाद ही भोले के जयकारे लगाते कांवड़िये पहुंचे तो उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।कांवड़ जत्थे के साथ पुलिस अधिकारी व मुस्लिम समाज के कई लोग पैदल चलते हुए वनखंडी नाथ मंदिर तक आए और अच्छी यात्रा के लिए कांवड़ियों को शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। बता दें कि पिछले सप्ताह हिंदू पक्ष के लोगों ने यहां ताजियेदारों पर फूल बरसाए थे।दो साल पहले हुआ था बवाल दो साल पहले इसी जगह पर कांवड़ यात्रा के दौरान खासा बवाल हो गया था। तब तत्कालीन एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने माहौल बिगड़ता देखकर लाठीचार्ज के आदेश दिए थे। हवाई फायरिंग भी हुई थी।बवाल के बाद एसएसपी का तबादला कर थानेदार समेत कई को निलंबित कर दिया गया। अब माहौल बेहतर हुआ है। पिछले सप्ताह ताजिया निकलने के दौरान मौर्य गली में हिंदू पक्ष के लोगों ने स्वागत में फूलों की वर्षा की थी।



## संक्षिप्त समाचार

# चोरी के मुकदमे से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -शैलेंद्र कुमार पांडेय

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान में गिरफ्तारी हेतु टीम गठित करके अभियान को सफल बनाने हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) व क्षेत्राधिकारी महोदय महसी के निर्देशन में थानाध्यक्ष हरदी के कुशल नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आज दिनांक 11.07.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 29/2024 धारा-457/380 से सम्बन्धित नामित अभियुक्त रासिद पुत्र पुन्ने निवासी खरेहटा थाना देवा जनपद बाराबंकी को रमपुरवा चौराहा के पास से हिरासत पुलिस में लेकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।



# 1 परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया

क्यूँ न लिखूँ सच -शैलेंद्र कुमार पांडेय

आवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।




# उचित दर विक्रेता के चयन हेतु 02 रिक्त ग्राम पंचायत में 23.07.2025 को ग्राम में होगी खुली बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच - अरविंद कुमार

पीलीभीत -वर्तमान में जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में 02 ग्राम पंचायतों में उचित दर विक्रेताओं के चयन के लिए ग्राम सभा की खुली बैठक आहूत की जानी है। ग्राम सभा में खुली बैठक हेतु दिनांक 23.07.2025 निर्धारित की गई है। विकासखण्ड ललौरीखेड़ा की ग्राम पंचायत कुरेंइया नवादा में खण्ड विकास अधिकारी ललौरीखेड़ा एवं विकास अमरिया की ग्राम पंचायत पिंजराबमनपुरी में खण्ड विकास अधिकारी अमरिया को नोडल अधिकारी नामित किया गया। ग्राम सभा की खुली बैठक में उचित दर विक्रेता के चयन में स्वय सहायता समूह को प्रथम वरीयता प्रदान की जायेगी। सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी द्वारा अपने स्तर बैठक की कार्यवाही पूर्ण की वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी कराना सुनिश्चित करें। प्रस्ताव होने के सम्बन्ध में जिला पूर्ति अधिकारी को अवगत कराया जायेगा। खण्ड विकास अधिकारी पुलिस बल की उपस्थिति में ही बैठक की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करेंगें जिससे शान्ति व्यवस्था बनी रहे। अधिक जानकारी के लिए जिला पूर्ति कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# If you feel the need to urinate frequently, there may be a risk of these diseases in the body




If you are drinking enough water, then it is normal to urinate 7-8 times a day. But if you are urinating more often than this, it can also be a sign of some disease in the body. Let us know about this in this article. Frequent urination is a problem that affects the sleep and daily life of many people. Although urinating 4 to 8 times a day is considered normal, but if you feel the need to urinate more often than usual, especially at night, then it should not be ignored. This is not just an inconvenience, but it can be a sign of a health problem developing in your body. During the monsoon season, when the risk of infection increases, the risk of this problem increases even more. Therefore, it is important to understand what can be the reasons behind frequent urination and what measures can be taken to prevent it. In this article, let us know in detail about the possible causes of frequent urination and ways to prevent them. Possible diseases Frequent urination can be a symptom of several health problems. The most common is a urinary tract infection, in which bacteria enter the urinary tract, causing a burning sensation and frequent urge to urinate. Diabetes is also a major cause, as high blood sugar causes the kidneys to make more urine to flush out the excess glucose. Prostate problems (in men) and overactive bladder can also lead to this problem. Pregnancy or bladder stones can also be the cause. Other causes and risks Sometimes frequent urination can also be due to temporary reasons, such as consuming too much water, caffeine or alcohol. Stress, anxiety or cold weather can also stimulate the bladder. However, if this problem persists for a long time, it can be a sign of kidney disease, bladder cancer or hormonal imbalance. Menopause in women and prostate enlargement in men can aggravate this problem. Due to humidity in monsoon, the risk of UTI is high, so special care should be taken in this season.Preventive measures Hygiene and lifestyle changes are important to avoid the problem of frequent urination. Drink enough water, but limit the consumption of caffeine and alcohol. Avoid holding urine for a long time, as it weakens the bladder. Maintain regular hygiene with soap and water, especially women should clean from front to back. Fiber rich diet and regular exercise keep the bladder healthy. Pelvic floor exercises (Kegel) strengthen the bladder muscles. Diabetic patients should check blood sugar regularly.Medical advice Frequent urination may seem normal, but do not ignore it. If this problem persists for more than 2-3 days or there are symptoms like burning sensation, blood or fever in urine, contact a doctor immediately. The exact cause can be found out with urine test, blood test or ultrasound. This problem can be prevented by hygiene, balanced diet and drinking enough water.

# These things maintain the balance of electrolytes in the body, include them in the diet from today



Often some people feel weakness due to electrolyte deficiency. Many other symptoms of low electrolytes can also be seen. Let us know about this in this article, as well as we will also know which things to include in the diet to maintain the balance of electrolytes. The right amount of electrolytes is very important for our body to function properly. These minerals help in keeping the fluids balanced in the body, proper functioning of nerves and controlling muscles. When the balance of electrolytes in the body is disturbed, problems like fatigue, muscle cramps and dizziness can occur. The good thing is that we can meet the deficiency of these essential electrolytes like sodium, magnesium and potassium with some common foods. These foods are not only delicious but also help in maintaining the right balance of electrolytes in your body. Let us know about some such food products in this article which you can include in your diet. Symptoms of low electrolytes Electrolytes are very important for our overall health. They maintain the balance of nerves, muscles and fluids in the body. When there is a deficiency of these, the body gives many signs. The main symptoms include constant fatigue, weakness, and muscle cramps or pain. You may feel dizzy, headache or lightheaded. Some people may feel irregular heartbeat, which is a serious sign. Apart from this, stomach problems like constipation or vomiting may also occur. If these symptoms appear repeatedly, consult a doctor immediately. Benefits of coconut water Coconut water is the best source of electrolytes, which is rich in potassium, sodium, and magnesium. It prevents dehydration and gives instant energy after heat or exercise. A glass of coconut water contains about 600 mg of potassium, which helps in controlling blood pressure. Drinking coconut water is a good option during diarrhea in monsoon. Drink it in the morning on an empty stomach or after exercise. Avocado and Bananas Avocado is an excellent source of potassium and magnesium, which reduces muscle cramps and promotes heart health. It also contains healthy fats, which provide energy. A medium-sized avocado can be eaten as a salad or smoothie. On the other hand, bananas are rich in potassium and vitamin B6, which improve metabolism and immunity. Eating a banana daily for breakfast or as a snack maintains electrolyte balance. Pulses and Beans Pulses and beans, such as moong, chana, rajma, and lentils, are rich in magnesium, potassium, and fiber. They improve digestion and replenish electrolytes. Now since lentils also contain salt, it replenishes the deficiency of sodium. Eating moong dal or chana ki sabzi daily strengthens muscles and bones. Along with all this, drink 2-3 litres of water every day to maintain the balance of electrolytes.

# Your partner only says 'hmm-hmm' on the phone? Know why and what to do



With the right methods, you can bring back that warmth and excitement in the conversation. If your partner also only answers with hmm and hmm during the conversation, then these methods can be adopted to increase his interest. When we are in a relationship, we want to spend time with our partner, want to talk a lot. However, if you are in a long distance relationship, then all this remains limited to the conversation between you on call. It often happens that one partner wants to talk a lot but the other ends the conversation with just hmm or hmm. If this starts happening often, then the other partner starts feeling that perhaps his partner is feeling bored in the conversation or relationship or he is not interested in communicating with you. Many times a situation comes in the relationship when while talking on the phone, the partner only answers like "hmm", "hmm", "oh". Not only does this break the communication, but it also raises the question in the mind, is he/she no longer interested in talking? Actually, this habit can be a sign of tiredness, workload or emotional distance. But this does not mean that the relationship has weakened. With the right methods, you can bring back that warmth and excitement in the conversation. If your partner also only answers with 'hmm' and 'hun' during the conversation, then these methods can be adopted to increase his/her interest. Increase their interest in the conversation in this way Storytelling conversation- During the conversation, people ask questions to engage their partner. Instead of questions, make the conversation storytelling. Instead of having a question-answer conversation, tell a funny story of your day. This will help your partner connect with you naturally. Recall old moments To make the conversation interesting, remind them of your first meeting, first fight or any memory of your time together. This will increase the emotional bond between you and your partner. Your partner will also express his memories by remembering those old things. Give them space to express their views. When your partner does not talk and just says hmm-hmm, then your partner starts expressing displeasure and starts pressuring you to talk. Maybe your partner is tired after the whole day or is in a bad mood. In such a situation, do not force them to talk, but open up slowly. Start with some witty talks or fun games. Games like '20 questions' or 'rapid fire' make the conversation light and involve both of you with each other. Your partner's interest in the games will automatically increase and he will be able to join the conversation with you through answering the questions. Try video call. Sometimes face and gestures communicate more than words. If your partner is a less talkative person or is reserved, who does not understand what to talk about, then you can adopt another method instead of audio call. If things are not working out, then try video call.

# Is the serial 'Jhanak' going to be closed? Actor Arjit told the truth, gave a reply to the people celebrating






'Kyunki Saas Bhi Kabhi Bahu Thi' is going to return with its second season. Along with this, there are reports that 'Jhanak' will go off air. Actor Arjit Taneja has told the truth by sharing a post about this. TV show 'Kyunki Saas Bhi Kabhi Bahu Thi' is returning again. It is being said that this show will replace the show 'Jhanak' running on Star Plus. Along with this, there is also a discussion that 'Jhanak' is now going to go off air. Some netizens are celebrating the news of 'Jhanak' being closed. Actor Arjit Taneja of this show has responded to such people. Arjit said - 'It is sad to see people celebrating' Some netizens are celebrating the news of the TV show 'Jhanak' being closed. Actor Arjit Taneja has reacted to this on social media. Arjit Taneja has written on his ex account (formerly Twitter), 'It is sad to see some people celebrating the off air of 'Jhanak'. A show provides livelihood to more than 150 people. Arjit said- 'Don't be happy on weaknesses' Further it is written, 'I understand that as a fan there are many things that no one is satisfied with, but the artist gives his best with the given content. However, we cannot control it. Life is for encouraging each other. Don't be happy on weaknesses. The show is not over, only the type slot is shifting. No show deserves negativity. At what time will 'Kyunki Saas Bhi Kabhi Bahu Thi 2' be telecast The first season of 'Kyunki Saas Bhi Kabhi Bahu Thi' started in the year 2000. It ran for about eight years. In this show, Smriti Irani played the role of Tulsi and gained popularity in every household. Currently she is active in politics. But, Smriti Irani is also making a comeback on screen with 'Kyunki Saas Bhi Kabhi Bahu Thi 2'. Its new season will be telecast from July 29. The show will be telecast on Star Plus at 10.30 pm. Currently 'Jhanak' is telecast at this time.

# Bobby seen in long hair and bearded look, pictures surfaced from the set, will he play Kumbhakaran in Ramayana?

Some pictures of Bobby Deol are going viral on social media. Is Bobby Deol going to play the role of Kumbhakaran in Ranbir Kapoor's 'Ramayana'? Questions arose in people's minds after the viral pictures. Bobby Deol, who surprises people with his different characters and looks, is constantly in the headlines these days for his character of Aurangzeb in Pawan Kalyan's film 'Hari Har Veeramallu'. Meanwhile, now some pictures of Bobby Deol are going viral. These pictures are from the set of a film. Are these pictures from the set of Nitesh Tiwari's film 'Ramayana'? Know what is the truth. Bobby seen in a strong look From 'Animal' to 'Hari Har Veeramallu', Bobby Deol's characters and his looks remain in the news. Now some pictures of Bobby Deol have surfaced from the set of a film. In these pictures, Bobby Deol is seen in a look with long hair and beard and moustache. In the viral pictures, Bobby is seen in a purple color outfit. In which he is wearing a long jacket with a shirt. In these pictures, Bobby Deol is also seen wearing some threads and bands along with bangles in his hands. This pepper salt look of Bobby looks very strong. It also seems that he has lost a lot of weight. Because he looks quite fit. However, it is not yet known which film's set these pictures are from. Discussions about him playing the character of Kumbhakaran in 'Ramayana' After these pictures surfaced, some people speculated that these pictures are from the set of Nitesh Tiwari's 'Ramayana'. However, this is not confirmed. Actually, a big starcast is to be seen in 'Ramayana'. The names of some of them have been finalized. However, discussions are still going on about some names. Similar discussions are about Bobby Deol. There are talks that Bobby Deol can play the character of Kumbhakaran in 'Ramayana'. However, nothing is clear about this yet. In such a situation, it is also not clear whether these pictures are from the set of 'Ramayana' or some other film. Bobby will be seen in the role of Aurangzeb - Talking about Bobby Deol's work front, he will be seen in the role of Mughal ruler Aurangzeb in Pawan Kalyan's film 'Hari Har Veeramallu'. Apart from this, he will also be seen in Yash Raj's Spy Universe film 'Alpha'. Alia Bhatt and Sharvari Wagh will be seen in lead roles in this film.



# Madhur Bhandarkar shared the picture of the Muhurta of 'The Wives', Mouni Roy was seen holding the clap board

Actress Mouni Roy has surprised the fans today by sharing a special picture of herself with producer-director Madhur Bhandarkar on social media. Today Mouni Roy has shared a special picture of herself with Madhur Bhandarkar. This picture is special because in it Mouni is seen holding the clap board of the Muhurta of 'The Wives' in her hand. Mouni Roy's post Today on Instagram Mouni Roy has shared her special picture with producer-director Madhur Bhandarkar. In this picture, Mouni is seen flaunting her perfect figure in a black bodycon dress. At the same time, Madhur Bhandarkar is seen spreading a smile on his face in a simple style. With this post, Mouni wrote in the caption, 'I am really excited about the first day of this new film, and grateful to make it with the maestro himself. @imbhandarkar Excited for the journey ahead #The Wives.' Comments from celebs and fans Producer-director Ekta Kapoor has made a red heart emoji on this great start of Mouni and Madhur. At the same time, Auri has showered fire emojis. Actor Karan Veer Mehra wrote, 'Best wishes', Disha Patani wrote, 'Congratulations my Mouni', Sandeep Chatterjee wrote, 'Congratulations', a fan wrote, 'Congratulations Mona darling', another fan wrote, 'I am so proud of you my baby', another fan wrote, 'Very happy for you.' The Vibes - Producer-director Madhur Bhandarkar is bringing the story of the wives of Bollywood celebs through the film 'The Wives'. It will show the stories behind the lives of Bollywood's most glamorous women. Apart from Mouni Roy, actors like Sonali Kulkarni, Regina Cassandra, Rahul Bhatt, Saurabh Sachdeva, Arjan Bajwa and Freddy Daruwala will be seen in important roles in 'The Wives'.

